Regarding maintenance to rural electrification in Katihar constituency

श्री तारिक अनवर **(कटिहार) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, हम सब जानते हैं कि भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है । शायद इसी बात को ध्यान में रखते हुए, जब तक ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतीकरण नहीं होगा तब तक उनका सामाजिक और आर्थिक विकास संभव नहीं है । इसी बात को देखते हुए ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्यक्रम शुरू किया गया था । लेकिन आपको बताते हुए मुझे दुख हो रहा है कि हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार में बिजली का बहुत ही अभाव है । वहाँ पर लोग लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं । हम लोग भी इसकी शिकायत कर रहे हैं, जिला प्रशासन को कर रहे हैं, राज्य प्रशासन को कर रहे हैं, लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं है । इसकी वजह से, जो पढ़ने वाले छात्र हैं, उनको दिक्कत होती है । जिन किसानों को पटवन की जरूरत है और बिजली की आवश्यकता है, उनको समय पर बिजली नहीं मिल रही है । एक तरफ तो उपभोक्ताओं से समय पर बिजली के बिल वसूले जाते हैं और दूसरी तरफ उनको बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है ।

अत: सदन के माध्यम से, मेरी मांग है कि इसमें केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करे और ग्रामीण विद्युतीकरण का जो कार्यक्रम हुआ था, उसके रख-रखाव को दुरुस्त करने की भी आवश्यकता है ।

धन्यवाद ।